# उत्तरांचल सर्विसेज हाऊसिंग एसोसिएशन, देहरादून।

ई–मेल : secyusha09@gmail.com
वेबसाइट : www.ushadoon.org
सहस्त्रधारा रोड़, देहरादून–0135–2607608

दिनांक फरवरी 14, 2016

दिनांक 14.02.2016 को अपरान्ह 1600 बजे उषा सोसाईटी के क्लब हाऊस में आहूत उषा कार्यकारणी समिति की गोष्ठी का कार्यवृत्त :–

**<u>बैठक में उपस्थिति</u>** :–

1– अध्यक्ष – श्री सुभाष जोशी
2– उपाध्यक्ष – श्री एल0एम0 पन्त
3– सचिव – श्री एस0के0 शुक्ल
4– कोषाध्यक्ष– श्री आनन्द बर्द्धन

**<u>विशेष उपस्थिति</u> :–** श्री जे0एस0 पाण्डे एवं श्री एस0एस0 शर्मा, सदस्यगण, उषा सोसाइटी।

कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष श्री ए0के0 राना, सदस्यों श्री अशोक कुमार, श्री विजय कुमार एवं सदस्या श्रीमती शान्ता रविशंकर व श्रीमती पद्मा कुमारी मुरूगेशन को कतिपय कारणों से उपस्थिति से छूट प्रदान की गयी। विगत कार्यकारिणी की गोष्ठी में लिये गये निर्णयों की समीक्षा करते हुए विचार–विमर्श हुआ

**<u>बिन्दु संख्या 01</u> –दिनांक–25.01.2016 को सम्पन्न गोष्ठी में लिये गये निर्णयों की समीक्षा एवं उन पर विचार विमर्श**

अवगत कराया गया कि विगत गोष्ठी में लिये गये निर्णयानुसार स्टेट बैंक के द्वारा जारी की गयी विज्ञप्ति के परिप्रेक्ष्य में कालोनी परिसर में बैंक के प्रस्ताव हेतु टेण्डर डाल दिया गया है एवं अग्रिम कार्यवाही प्रचलित है। कालोनी के भूमि सम्बन्धी मूल कागजात की जानकारी भी सचिव द्वारा दी गयी कि ये स्टेट बैंक की न्यू कैण्ट रोड स्थित प्रशासनिक शाखा में मौजूद हैं। इस आशय का बैंक का पत्र प्रस्तुत किया गया।

मेन–गेट पर सीसीटीवी कैमरा लगाये जाने हेतु अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हो पाई है, इस सम्बन्ध में कार्यकारिणी सदस्य श्री अशोक कुमार से अग्रिम कार्यवाही की अपेक्षा की गयी।

उपरोक्त के अतिरिक्त अवगत कराया गया कि अब 19 सदस्यों द्वारा अनुरक्षण राशि दी जानी शेष है। निर्णय लिया गया कि 50 हजार रूपये से अधिक के देनदारों को अध्यक्ष की ओर से स्मृति पत्र जारी किया जाये एवं शेष को ई–मेल से सूचित किया जाये।

**<u>बिन्दु संख्या 02</u> –परिसर में स्टेट बैंक के निर्माण हेतु कार्यवाही के सम्बन्ध में**

इस सम्बन्ध में उपरोक्तानुसार बैंक में प्राइस बिड व टैक्निकल बिड भरकर जमा कराई जा चुकी हैं व अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। सचिव को सोसाइटी के मानचित्र में यथोचित संशोधन हेतु एमडीडीए से सम्पर्क करने हेतु निर्देशित किया गया।

**<u>बिन्दु संख्या 03</u> –परिसर की चाहरदीवारी के अनुरक्षण के सम्बन्ध में।**

इस सम्बन्ध में समिति के संज्ञान में लाया गया कि दीवार कई जगह से क्षतिग्रस्त है, जिस पर काफी लागत अनुमानित है, अतः सोसाइटी के वर्तमान कोष को देखते हुये अभी इसे स्थगित रखने का निर्णय लिया गया।

**<u>बिन्दु संख्या 04</u> –श्री एस0एस0 शर्मा, के शेयर में उनके पुत्रों के स्थान पर पत्नी का नाम शामिल करने के सम्बन्ध में।**

श्री एस0एस0 शर्मा, प्लाट धारक संख्याा–57 के लिखित अनुरोध दिनांकित 04.02.2016 के क्रम में शेयर सर्टिफिकेट में उनके पुत्रों का नाम हटाकर उनकी पत्नी श्रीमती अमिता शर्मा का नाम को–शेयर होल्डर के रूप में दर्ज करने हेतु सचिव को अग्रिम कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

**<u>बिन्दु संख्या 05</u> –सोसाइटी के बाइ–लॉज के निर्धारण के सम्बन्ध में।**

इस सम्बन्ध में विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया कि श्री एल0एम0 पन्त, उपाध्यक्ष्य कार्यकारिणी के द्वारा एक ड्राफ्ट तैयार कर प्रस्तुत किया जायेगा एवं सचिव श्री एस0के0 शुक्ल के द्वारा सोसाइटी के आर्कीटेक्ट श्री बृज पंजवानी से सम्पर्क कर आवश्यक परामर्श कर लिया जायेगा। अभी सदस्यों के सुझाव भी प्रतीक्षित हैं।

**<u>बिन्दु संख्या 05</u> –सदस्यों पर बकाया धनराशि की समीक्षा**

इस सम्बन्ध में उपरोक्तानुसार अनुरक्षण व्यय हेतु शेष 19 सदस्यों को ई–मेल से 50 हजार से अधिक बकाया धनराशि वालों को पत्र द्वारा सूचित करने हेतु निर्देशित किया गया। इन सभी बकायेदारों की सूची को व्हाटस्–एप पर डालने हेतु श्री आनन्द बर्द्धन, कोषाध्यक्ष को निर्देशित किया गया। इसके साथ ही वर्ष 2016–17 के अनुरक्षण व्यय को जमा करने हेतु एक माह की छूट (माह अप्रैल) सम्बन्धी निर्णय व इसके उपरान्त 18.5 प्रतिशत विलम्ब शुल्क लिये जाने के सम्बन्ध में भी सभी सदस्यों को द्वारा ई–मेल व एसएमएस से सूचित कराने हेतु भी निर्देशित किया गया।

उपरोक्त एजेण्डा बिन्दुओं के अतिरिक्त निम्नलिखित निर्णय भी सर्वसम्मति से लिये गये–

1– कालोनी में सेप्टिक टैंक/सोक–पिट की वर्तमान समस्या को देखते हुये इसे नयी जगह पर बनाया जाये।

2– कालोनी की स्ट्रीट लाइटों को रिपेयर कराकर उन पर नयी सीएफएल लगायी जायें।

3– जिम के उपकरणों की सर्विसिंग करा दी जाये।

4– कालोनी में प्लाटों/मकानों की व्यक्तिगत रजिस्ट्री कराने हेतु विधिक राय प्राप्त कर ली जाये।

अन्त में अध्यक्ष द्वारा सभी सदस्यों का आभार व्यक्त कर गोष्ठी समाप्त की गयी।

–हस्ता0–
**(एस0के0 शुक्ल)**
ऑनरेरी सचिव
उत्तरांचल सर्विसेज हाउसिंग एसोसिएशन,
देहरादून।

प्रतिलिपि–1– मान0 अध्यक्ष, समस्त पदाधिकारी व सदस्यगण, उषा कार्यकारिणी, देहरादून।

2– सी0ए0 श्री रविन्द्र खण्डूजा